पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

संविधान दिवस पर राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ ली

लखनऊः 26 नवम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता ने आज यहां राजभवन के गांधी सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोविड–19 से बचाव के लिए सुरक्षा मानकों के साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराने के पश्चात भारत के संविधान में दिए गये मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर राज्यपाल के विशेष सचिव श्री बद्री नाथ सिंह, अपर विधि परामर्शी श्री कामेश शुक्ला, राज्यपाल के परिसहाय डा0 अभिषेक महाजन, सैनिक पुनर्वास निधि के बिग्रेडियर रवि सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (80/16)